# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 30 जून 2026

**PAGE NO : 11 BOTTOM**


मुकाबला

अंडर-14 क्रिकेट कप में अंशुमान चुने गए मैन ऑफ द मैच

# एसआरएमएस ब्लू ने पारकर क्रिकेट अकादमी को हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। कैंट स्थित मोहनपुर ठिरिया में आयोजित मनीष अंडर-14 क्रिकेट कप में सोमवार को एसआरएमएस ब्लू ने पारकर क्रिकेट अकादमी को 37 रनों से हराया। अंशुमान मैन ऑफ द मैच चुने गए।

मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस ब्लू की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट खोकर 182 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारकर क्रिकेट अकादमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एसआरएमएस ब्लू के गेंदबाजों की अनुशासित लाइन-लेंथ के आगे उनके बल्लेबाज लगातार संघर्ष करते नजर आए।



मोहनपुर ठिरिया के मैदान पर खेले गए मुकाबले में शॉट लगाता खिलाड़ी। स्रोत : आयोजक

नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण पारकर अकादमी की टीम मैच में लय हासिल नहीं कर सकी और पूरी टीम 27.5 ओवरों में महज 145 रनों पर ही सिमट गई। अंशुमान कश्यप ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों पर 16 रनों की उपयोगी पारी खेली और फिर छह ओवरों में एक मेडन ओवर के साथ मात्र 14 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।